# संविधान दिवसः गोष्ठियां, क्विज, डिबे

ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर।

जिलेभर में मंगलवार को भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान गोष्ठियां, क्विज, डिबेट, के आयोजनों के साथ रैलियां निकाली गईं।


ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान में क्विज- डिबेट, स्पीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्विज में 10 टीमों ने भाग लिया। प्रद्युम्न सिंह, शंकर देवासी टीम पहले, विकास मेघवाल और गोविंद सिंह की टीम दूसरे स्थान पर रही। स्पीच में भारूराम और यामिनी शर्मा विजेता रहे। संस्थान की सीएमडी डॉ. सीमा सिंह, एआईएम. एंड आईटी की निर्देशक डॉ. रक्षा शर्मा, बीएड की प्राचार्य डॉ राशि माथुर, पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रीना शर्मा, कानूनविद् डॉ. धर्मेश जैन ने विचार व्यक्त किए। डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी, भीम आर्मी एवं बिभिन्न वामपंथी व अम्बेडरकरवादी जनसंगठनों ने सायं 5 बजे डॉ.अम्बेडकर सर्कल पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्टेच्यू पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जगदीश चौक में प्रधानाचार्य रुचि पारीक, प्राध्यापक डॉ माधवी त्रिपाठी ने विचार रखे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रा प्रेमलता भोई प्रथम, पूजा राव द्वितीय तथा पूजा कसारा तृतीय रही।

इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका का पाठन किया। इस दौरान सोसायटी के महासचिव एडवोकेट पी.आर.सालवी, रिंकू परिहार, शंकरलाल चौधरी, प्रो.सुधा चौधरी, सौरभ नरुका, हेमेन्द्र चंडालिया, बीएल छानवाल ने भी अपने विचार रखे। भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय की एन एस एस की तीनों इकाइयों एवं राजनीति विज्ञान विभाग के साझे में व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें सुखाड़िया विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ. बालूदान बारहठ, महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ प्रेम सिंह रावलोत, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजरोश्वरी सांरगदेवोत व डॉ. नरेन्द्र सिंह राणावत, डॉ. ज्योतिरादित्य सिंह भाटी ने विचार व्यक्त किए।

ईको क्लब रा उ मा वि सुवेरी खेरवाड़ा में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें वायु दल ने सर्वोच्च स्कोर कर बाजी मारी। अध्यक्षता प्रधानाचार्य राकेश परमार ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया थे। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में प्रो. सुरेंद्र कटारिया ने कहा कि जब सारी प्रजा सोती है तो दंड जागता है तथा दंड को कानून और व्यवस्था कायम करने की ताकत संविधान देता है। न्यायमूर्ति शिवसिंह चौहान ने कहा कि कानून राजाओं का भी राजा है और कानून को सारी ताकत संविधान ने दी है। कार्यक्रम को विद्याभवन रूरल इंस्टीट्यूट के सेवानिवृत्त प्रोफेसर वेददान सुधीर, महाविद्यालय की अधिष्ठाता प्रो. साधना कोठारी, सह अधिष्ठाता प्रो. जिनेंद्र जैन, डॉ. नवीन नंदवाना ने विचार रखे।

जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक विधि महाविद्यालय में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर एस.एन. व्यास थे। अध्यक्षता डॉ. कला मुणेत ने की। संचालन प्रतीक जांगिड़ ने किया। डॉक्टर अंबेडकर जयंती समारोह द्वारा सेटेलाइट चिकित्सालय के अधीक्षक डॉक्टर किशन धानक की अध्यक्षता एवं समिति के अध्यक्ष इंजीनियर शैलेंद्र चौहान के नेतृत्व में अंबेडकर सर्कल पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब की प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संचालन समिति के कोषाध्यक्ष इंजीनियर जीतमल चौहान, पीएस खींची, जितेंद्र निमावत, प्रकाश वर्मा, हितेश बंशीवाल, उमेश निमावत, नरेश डीडवानिया आदि ने भी संबोधित किया।

जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि प्रजातंत्र तब ही अर्थपूर्ण है, जब वह सामाजिक-आर्थिक न्याय पर आधारित हो। भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। वरिष्ठलेखाधिकारी डॉ. हरीश शर्माविशेषाधिकारी डॉ. हेमशंकर दाधीच, जितेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. आशीष नन्दवाना, डॉ. महेन्द्र सिंह सोलंकी, राजेन्द्र वर्मा, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, एल.एन.योगी ने भी विचार रखे। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्रसिंह राठौड़ ने विचार रखे। बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय उपक्षेत्रीय प्रमुख प्रजित कुमार दिवाकर, सुरक्षा अधिकारी संजीव कुमार त्यागी ने विचार व्यक्त किए।







## नीरजा मोदी स्कूल में मनाया संविधान दिवस

चित्रकूट नगर स्थित नीरजा मोदी स्कूल में भारतीय संविधान दिव
मनाया गया। इस दौरान संविधान से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी भी र
गई। प्राचार्य जॉर्ज ए. थॉमस ने सभी विद्यार्थियों को संविधान की शप
दिलाई। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती साक्षी सोजतिया ने बच्चों
संविधान की जानकारी दी। रोटरी क्लब पन्ना व विद्याभवन कॉलेज
संयुक्त तत्वाधान में विद्याभवन ऑडिटोरियम में रोटरी क्लब पन्ना
अध्यक्ष अशोक पालीवाल, वरिष्ठ पत्रकार अनुराग चतुर्वेदी, प्रोफेस
अक्षय चतुर्वेदी, विद्या भवन के अध्यक्ष अजय मेहता व अनुराग प्रियद
ने विचार व्यक्त किए। रोटरी क्लब व पन्ना के जी.एस.आर मधुसरि
भानूप्रताप सिंह धायभाई, तारीका धायभाई, राकेश सेन, राजेश श
प्रवीण ज़ोशी, आशीष पोरवाल, फातिमा साबिर, महेश सेन, हेमन्त स
नीरज बोलिया उषा गायकवाड़ बीना चितौडा आदि उपस्थित थे। डायरेक्ट
हैप्पी होम स्कूल की डॉ. सुषमा अरोरा, विद्या भवन स्कूल के प्राचा
ए.के उदावत, विद्या भवन स्कूल के प्राचार्य पुष्पराज सिंह राणाव
विद्याभवन सी.से. स्कूल के प्राचार्य नीरजा जैन, विद्या भवन स्कू
रामगिरी के प्राचार्य रेनू जादव, सेन्ट मैथ्यूज स्कूल के प्राचार्य निति
नाथ, रा.उ.मा. विद्यालय बुझड़ा की प्राचार्य किरण बाला, सेन्ट सेवि
स्कूल की शुभांगी वरणगांवकर, प्रो.अरूण चतुर्वेदी प्रोफेसर, महारा
मेवाड़ विद्या भवन के प्रधानाचार्य जुम्बर गहलोत, विद्या भवन के अध्य
अजय मेहता, विद्याभवन के सीईओ अनुराग परिदेश व अनुराग चतुवे
को संविधान के प्रस्तावना की प्रति भेंट की। संविधान दिवस के उपलक्ष
में अनुष्का एकेडमी के सभी ब्रांचेज में शपथ समारोह रखा गया जिस
सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।